## भ्रमण पर आई डीएमए की टीम ने भूमि चिन्हित किया

# PMAY (U) के तहत चिरकुंडा में होगा 180 नए आवासों का निर्माण

### तीन सदस्यीय टीम ने किया पीएम आवास योजना वर्टिकल तीन के तहत सर्वे

# चिरकुंडा में अब भूमिहीनों के सिर पर भी होगा छत

♦ तालडंगा हाउसिंग कॉलोनी के पीछे जमीन की गयी चिह्नित



सर्वे करने पहुंची टीम और मौजूद अन्य लोग

**आवाज प्रतिनिधि । 21 अक्टूबर**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा निकाय क्षेत्र के भूमिहीनों को आवास उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम आवास योजना वर्टिकल तीन के तहत गुरूवार को रांची से तीन सदस्यीय टीम चिरकुंडा निकाय पहुंची और वार्ड संख्या 16 के सुभाष नगर स्थित तालडंगा हाउसिंग कॉलोनी के पीछे खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण कर चिह्नित किया। रांची से आयी टीम ने सर्वे के बाद संतुष्टि जताई। मौके पर निकाय के अध्यक्ष डबलू बाउरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, जेई उत्तम कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। इसके अलावा स्थानीय पार्षद विजय यादव, पप्पु सिंह, प्रदीप गोराई, वरूण दे भी मौजूद थे। रांची से आई टीम में प्रबंधन सूचना प्रणाली विशेषज्ञ नितु भारती व कल्याणी पंपना तथा एनयूएलएम के स्टेट मिशन मैनेजर अजीत परमहंस शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस जगह का भौतिक सत्यापन किया गया। रिपोर्ट इस योजना के निदेशक को सुपुर्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 180 आवासों के निर्माण का प्रपोजल है और यह टू बीएचके टाईप का आवास होगा। इस योजना के तहत भूमिहीनों के सिर पर छत उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी राशी तय है। फिलहाल पांच लाख रूपये का भुगतान निकाय को करना होगा और निकाय लाभुक को आवास बना कर देगी। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि स्थानीय अंचल के अधिकारियो को भी साथ रख भूमि को चिह्नित किया गया है। बहुत जल्द ही इस योजना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। नप अध्यक्ष डबलू बाउरी व उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने कहा कि चिरकुंडा निकाय की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल है यह योजना है जो सुसुप्त अवस्था में थी। इसपर राज्य व केन्द्र सरकार दोनों का ध्यान है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**